## संक्षिप्त पर महत्वपूर्ण

### 31 मई तक मेगा प्लेसमेंट कैम्प द्वारा 3 हजार 26 पदों पर भर्ती

कोंडागांव, 26 मई। कोंडागांव जिले के शिक्षित युवक-युवतियों को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से मेगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन, जिला रोजगार और स्वरोजगार केन्द्र व मॉडल कैरियर सेंटर कोंडागांव द्वारा किया जा रहा हैं। जिसके तहत 7 निजी संस्थाओं द्वारा 17 विभिन्न पदों पर 3 हजार 26 युवाओं को भर्ती करने हेतु कैम्प में भाग लिया जा रहा हैं। इसके तहत 26 से 31 मई तक विभिन्न स्थानों पर प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किए जाएंगें। जिसके तहत 26 मई को स्वामी आत्मानंद स्कूल केशकाल, 27 मई को स्वामी आत्मानंद स्कूल विश्रामपुरी, 29 मई को शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसगांव, 30 मई को शासकीय आईटीआई माकड़ी में प्लेसमेंट कैम्प और रोजगार मेले का आयोजन 31 मई को लाइवलीहुड कॉलेज कोंडागांव में किया जाएगा। इसमें आरव एजुकेशनल एण्ड इम्प्लॉयमेंट आर्गेनाइजेशन, कैप्स्टन फैसिलिटिस मैनेजमेंट लिमिटेड, गार्डियन सिक्योरिटी लिमिटेड, मिलेनियम स्कील एस्सेसर प्रावेट लिमिटेड, टच स्टोन टेली सर्विसेज प्रावेट लिमिटेड, एसएस डीजलस, नियारा एचआर सॉल्युशन संस्थाएं शामिल होंगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार और स्वरोजगार केन्द्र में संम्पर्क किया जा सकता हैं।

### गरियाबंद जिला निषाद समाज चुनाव 28 मजरकटा में

**फिंगेश्वरः**-छत्तीसगढ़ निषाद समाज प्रांताध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद जी के मार्गदर्शन प्रदेश संरक्षक आदरणीय एमणआरणिषाद उप संगठन प्रमुख अशोक निषाद एवं महासचिव मनोहर निषाद की देखरेख में गरियाबंद जिला निषाद समाज का चुनाव 28 मई को प्रातः 10 बजे से 04 बजे तक समय निर्धारित है। मतदान निषाद समाज सामुदायिक भवन मजरकटा ;गरियाबंदद्ध में होगा उक्त चुनाव में विभिन्न पदों पर मतदान किया जाएगा जिसमें अध्यक्ष उपाध्याय सचिव महासचिव कोषाध्यक्ष सह सचिव अंकेक्षक महिला उपाध्याय महिला सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर निर्वाचन किया जायेगा चुनाव को लेकर व्यापक रूप से तैयारी की गई हैं चुनाव पूर्णतः पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से किया जाएगा जिसकी व्यापक रूप से तैयारी की जा रही है। वही अध्यक्ष पद के लिए निषाद समाज जिला गरियाबंद से दो उम्मीदवार खड़े हुए हैं जिसमें सरकड़ा निवासी भुनेश्वर निषाद व बरभाठा निवासी दानसिंग निषाद के बीच सीधा मुकाबला है।

### अचानक सिरीखुर्द स्कूल पहुंचे राजिम एसडीएम और बीईओ

**नवापारा राजिम** - समीपस्थ ग्राम सिरींखुर्द स्कूल में अचानक राजिम के एसडीएम पूजा बंसल और साथ में बीईओ रमेंद्र जोशी पहुंचे , स्कूल में एसडीएम पूजा बंसल ने बच्चो से चर्चा की और अच्छे से पढ़ने की बात कही वही शिक्षक खोमन सिन्हा के कार्य को देख एसडीएम बंसल ने समर क्लास को लेकर शिक्षक खोम सिन्हा की प्रशंसा की।

**न्यायालय नायब तहसीलदार पण्डरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं. ब 121 वर्ष 22-23

ग्राम-उदका

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम उदका को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रेमसिंग पिता बादूराम जाति गोड साकिन उदका तहसील पंडरिया जिला कबीरधाम के द्वारा अनपे माता अमौरतिन बाई पति बादूराम जाति गोड साकिन उदका का मृत्यु दिनांक 05.04.2003 को ग्राम उदका में हुआ था, जिसका मृत्यु पंजीयन कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को आवेदक के आवेदक पत्र दिनांक 09.06.2023 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा-आपत्ति करना चाहे तो प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.05.2023 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
पण्डरिया
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

## भाजपा 15 साल तक प्रदेश मे विकास नहीं सभी वर्गों का शोषण किया

# भाजपा की जाबो गौठान, खोलबो पोल अभियान केवल राजनैतिक नौटंकी – चंदन कश्यप

स्वदेश संवाददाता, भानपुरी/नारायणपुर

नारायणपुर विधायक एवं छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप ने प्रेस नोट जारी करते हुए भाजपा के द्वारा जाबो गौठान,खोलबो पोल अभियान को राजनैतिक नौटंकी बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की महत्वपूर्ण योजना ॸनरवा, गरुवा,घुरवा, बाड़ी योजनाॸ प्रदेश मे सकारात्मक रूप से ऐतिहासिक एवं रचनात्मक पहल है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की दूरगामी सोच का परिणाम है कि आज नरवा,गरुवा,घुरवा,बाड़ी योजना की तारीफ देश विदेश मे हो रहीं है। किंतु मुद्दा विहीन भाजपा के नेताओं को यह सब नहीं दिखती क्योंकि उन्होंने 15 साल तक प्रदेश मे विकास ही नहीं किया केवल प्रदेश के सभी वर्गों का शोषण करते हुए छल किया। आज भाजपा के नेता सत्ता में नहीं है तो प्रदेश के आदिवासी, किसान, युवा और महिलाओ के लिए घड़ियाली आंसू बहा रहे है।



विधायक चंदन कश्यप ने कहा कि नरवा,गरुवा,घुरवा,बाड़ी योजना के तहत प्रदेश के सभी पंचायतों मे गौठान का निर्माण कर स्व सहायता महिला समूहों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का कार्य प्रदेश की कांग्रेस सरकार कर रहीं है।हम राजीव गांधी गौधन न्याय योजना के माध्यम से आज गौठान गौठानो मे गोबर खरीदी कर रहे हैं। प्रदेश के किसानों का धान 25 सौ रू प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य मे खरीद रहे है, युवाओं को प्रति माह 25 रू बेरोजगारी भत्ता दे रहे है। इसकी सराहना करना छोड़ भाजपा के नेता सस्ती लोकप्रियता पाने गौठानो मे जाकर फोटो खिंचवा कर राजनैतिक नौटंकी कर रहे हैं। आज चुनाव नजदीक आते ही गौठानो मे जाकर प्रदेश की जनता को गुमराह कर रहे हैं। प्रदेश की जनता भाजपा की नीति और कार्यो से भलीभांति परिचित हो चुकी है कि भाजपा की शासन में रतनजोत पौधे रोपण कार्य और शौचालय निर्माण कार्य की योजना बुरी तरह से गांवों में असफल हुईं है अब लोग उनके झांसे मे आने वाली नहीं है। आने वाले चुनाव मे प्रदेश की जनता उन्हें पुनः जवाब जरूर देगी।

### झीरम के शहीदों को श्रद्धांजलि

**नवापारा राजिम** – नक्सलियों द्वारा किए गए हमले में झीरम घटना में शहीद हुए स्वर्गीय नंद कुमार पटेल स्वर्गीय विद्या चरण शुक्ला सहित दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि देने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोबरा नवापारा द्वारा सुभाष चैक में आज गुरूवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर दिवंगत नेताओं को उनके छायाचित्र के सामने मोमबत्ती जलाकर तथा 1 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी । कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा नगर पालिका उपाध्यक्ष चतुर जगत पार्षद गण अजय साहू हेमंत साहनी अर्जुन साहू अनूप खरे आदि उपस्थित थे।

## महिला एवं बाल विकास मंत्री ने विद्युत उपकेंद्र दिघवाड़ी का किया शुभारंभ

# वनांचल के आखिरी छोर तक पहुंचेगी निर्बाध बिजली




स्वदेश संवाददाता, बालोद

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के तहत विभागीय संचारण-संधारण संभाग बालोद के वितरण केंद्र भर्रीटोला के अंतर्गत वनांचल के बीच स्थित ग्राम दिघवाड़ी में आज नये 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र (सबस्टेशन) का शुभारंभ किया गया। उपकेंद्र का शुभारंभ महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेड़यि के करकमलो द्वारा किया गया। श्रीमती भेड़यि ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्युत कंपनी एवं अन्य ग्रामीणों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वनांचल में विद्युत व्यवस्था के सुचारु संचालन के लिए और ग्रामीणों की मांग पर शासन के सहयोग से यहां सबस्टेशन बनने का कार्य पूर्ण हो सका। उन्होंने ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि दिघवाड़ी में नया उपकेंद्र बन जाने से 18 ग्रामों के उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधाएं मिलेगी। उन्हें लो-वोल्टेज एवं विद्युत व्यवधान से भी निजात मिलेगी। अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को विद्युत संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि नये 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र दिघवाड़ी का कार्य मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत लगभग 02 करोड़ 15 लाख रुपए की लागत से पूर्ण किया गया है। उक्त उपकेंद्र के अंतर्गत ग्राम दिघवाड़ी, जिलेवाही, काकड़कसा, आमाडुला, चिहारे, किसनपुरी, मथेना, पुत्तरवाही, बोहारडीह, धवनपारा, साल्हे (आ.), मरदेल, जबकसा, मगरदाह, रजोलीडीह, नर्रालगुण्डा, पेटेचुवा एवं पुसावड सहित 18 ग्रामों के 1918 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम में अध्यक्ष जनपद पंचायत डौण्डी श्रीमती बसंती दुग्गा, मंत्री प्रतिनिधि डौण्डीलोहारा विधानसभा श्री पीयूष सोनी, श्रीमती करिश्मा सलामे, श्री कोमेश कोर्राम, श्रीमती रमिता मरकाम, श्री छबिलाल मरकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं सीएसपीडीसीएल के कार्यपालन अभियंता श्री टी.एल.सहारे, सहायक अभियंता श्री आर.सी.साहू एवं एच.के.हिरवानी, कनिश्ठ अभियंता श्री विशाल विक्रम सिंह तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। दिघवाड़ी में नया उपकेंद्र बन जाने से ग्रामीण एवं क्षेत्र की जनता हर्षित हैं, उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन एवं पॉवर कंपनी का आभार व्यक्त किया है।

## बैंक मैनेजर और ट्रैफिक पुलिस की ली संयुक्त बैठक

# बैंकों के सामने एक सप्ताह में पार्किंग व्यवस्था को करें दुरुस्त, नहीं तो होगी कार्रवाई – नपाध्यक्ष



स्वदेश संवाददाता, महासमुंद।

शहर की पार्किंग व्यवस्था को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने ट्रैफिक पुलिस और बैंक मैनेजरों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में बैंकों के सामने अव्यवस्थित पार्किंग से उपज रही समस्या को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान नपाध्यक्ष ने बैंक मैनेजरों से व्यवस्था सुधारने में सहयोग का आग्रह किया है। नगर पालिका के सभाकक्ष में पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग की अध्यक्षता में ट्रैफिक पुलिस और बैंक मैनेजरों की संयुक्त बैठक हुई। इस बैठक में शहर के मुख्य मार्गों पर बैंकों के सामने बेतरतीब पार्किंग से ट्रैफिक से हो रही अव्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान नपाध्यक्ष राशि महिलांग ने कहा कहा कि अपने अपने बैंकों के सामने वाहनों की पार्किंग दुर्घटना को आमंत्रित करता है। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि कई दफ ा मेन रोड पर बैंकों के सामने हादसा हुआ है और ऐसे हादसे को रोकने की दिशा पर सभी का सहयोग अपेक्षित है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि बैंकों को जो भी मदद चाहिए उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने के लिए सुरक्षा गार्ड के अतिरिक्त एक ऐसा भी गार्ड बैंकों में होना चाहिए जो सिर्फ पार्किंग व्यवस्था को देखे। अन्यथा बैंक आने वाले खाता धारकों के वाहनों को जब्त करने की कार्यवाही ट्रैफिक पुलिस द्वारा किया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी बैंकों की होगी। उन्होंने रायपुर रोड पर स्थित बस स्टैंड के पास और कलेक्ट्रेट रोड पर बैंकों के सामने बेतरतीब पार्किंग पर चिंता जताई है। उन्होंने बैंक मैनेजरों को सुझाव दिए हैं कि बैंकों के सामने पार्किंग स्थल के दिशा सूचक बोर्ड लगाए। इससे लोगों में धीरे धीरे जानने लगेंगे और पार्किंग व्यवस्था भी सुधरेगा। उन्होंने अंत में कहा कि बहुत जल्द पालिका द्वारा मुख्य मार्गों पर लाइन खींची जाएगी। इसके बाद भी सड़क पर पार्किंग किया जाता है तो पुलिस द्वारा कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर पार्षद मनीष शर्मा, रिंकू चंद्राकर, गोलू मदनकार, यातायात पुलिस से श्री दुबे, राजस्व प्रभारी दिलीप चंद्राकर, गुमान सिंह ध्रुव सहित समस्त बैंक मैनेजर मौजूद थे।

# जोगी कांग्रेस ने घेरा डिवीसन कार्यालय

स्वदेश संवाददाता, कवर्धा कुंडा पंडरिया



बिजली की समस्या लगातार अपने कंज्यूमरो को रुलाने लगी है,भीषण गर्मी के महीने के कभी भी बिलजी बन्द होना, घण्टो तक वापस न आना जनता की परेशानियों को बढ़ा रहा है इन्ही सारी समस्याओं को दूर करने की मांग को लेकर जोगी कांग्रेस द्वारा डोमसरा (पंडरिया) स्थित डिवीसन कार्यालय का घेराव कर विद्युत विभाग के चैयरमैन के नाम से ज्ञापन सौंपा गया है

जोगी कांग्रेस के युवा नेता रवि चंद्रवंशी ने बताया की बिजली विभाग अपने कंज्यूमर (ग्राहकों) से पैसा तो पूरा लेती है पर बिजली सुविधा के नाम पर फिस्सडी साबित हो रही है इतने बड़े पंडरिया डिवीसन में जहाँ 4से 5 जे ई होने चाहिए वहाँ 1 जे ई से काम ले रहे है, विद्युत व्यवस्था सुधार करने के लिए सैकड़ो की संख्या में कर्मचारी होने चाहिए पर इनके पास गिनती ले मात्र 10 कर्मचारी होंगे, बिजली विभाग द्वारा साल डर साल मानसून के पहले मेंटनेंस के नाम पर करोड़ो रूपये जारी होता है परन्तु उसको उच्च अधिकारियों के द्वारा कागजपेपर में काम दिखाकर गटक लिया जा रहा है।

**0 बालोद।** राज्य शासन के महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के अंतर्गत जिले के बालोद विकासखण्ड के आदर्श गोठान बरही में स्थापित की गई प्राकृतिक पेंट ईकाई से निर्मित की जाने वाली गोबर पेंट से जिले के शासकीय एवं भवन बेहतरीन परिवेश के साथ सुसज्जित हो रहे हैं।

**न्यायालय तहसीलदार, कुण्डा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम गिरधारीकापा को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिकेश आ. श्री सुरेश कुमार जाति सतनामी निवासी ग्राम गिरधारीकापा तहसील कुंडा जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा अपने स्वयं बिकेश श्री पिता सुरेश कुमार का जन्म दिनांकर 04/03/2000 को ग्राम गिरधारीकापा में हुआ है। जिसका जन्म प्रमाण पत्र पंयीजन कराने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 31/05/2023 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार के दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16//05/23 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
कुण्डा
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा, जिला बालोद (छ.ग.)**
**फोन नं.07748-286524 E-mail/: mcdallirahhara@gmail.com**

क्रमांक/697/राजस्व/नपा.पा./2023-24 दल्लीराजहरा, दिनांक 26/5/ 23

**ईश्तहार**

नगर पालिका अधिनियम 1961 के अंतर्गत हक अंतरण (नगर पालिका अभिलेख में नाम परिवर्तन का 50 रूपये के स्टाम्प पेपर में विक्रय इकरार नामा पत्र) हेतु निकाय क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक 24 लक्ष्मी बाई वार्ड दल्लीराजहरा राजस्व भूमि पर स्थित मलबा/स्ट्रैक्चर कच्चा आवास 208 वर्ग फीट आवास निर्मित है। विक्रता श्री कन्हैया लाल साहू पिता यशवन्त कुमार साहू एवं क्रेता श्री शंकर लाल पिता सुखी राम है। विक्रेता का नाम काटकर क्रेता का नाम संपत्तिकर/समेकितकर सर्वे पंजी/मांग पंजी में नाम दर्ज किया जाना है। उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हैं तो प्रकाशन दिनांक से 15 दिन के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात किसी व्यक्ति द्वारा दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा।

मुहर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, दल्लीराजहरा

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा, जिला बालोद (छ.ग.)**
**फोन नं.07748-286524 E-mail/: mcdallirahhara@gmail.com**

क्रमांक/725/राजस्व/नपा.पा./2023-24 दल्लीराजहरा, दिनांक 26/5/ 23

**ईश्तहार**

नगर पालिका अधिनियम 1961 के अंतर्गत हक अंतरण (नगर पालिका अभिलेख में नाम परिवर्तन का 50 रूपये के स्टाम्प पेपर में सहमति पत्र/शपथ पत्र के आधार पर) हेतु निकाय क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक 04 एकलव्य नगर वार्ड दल्लीराजहरा काबिज भूमि पर स्थित मलबा/स्ट्रैक्चर 720 वर्ग फीट जमीन पर पक्का सीट आवास का सहमति पत्र दिया गया है। सहमति पत्र/शपथ पत्र देने वाली श्रीमति बुधाबाई गौर पति परसादी राम गौर सहमति पत्र/शपथ पत्र पाने वाली श्रीमति ज्योति रावटे पति चिमन लाल रावटे को सहमति पत्र/शपथ पत्र के आधार पर संपत्तिकर/समेकितकर सर्वे पंजी/मांग पंजी में नाम दर्ज किया जाना है। उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हैं तो प्रकाशन दिनांक से 15 दिन के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात किसी व्यक्ति द्वारा दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा।

मुहर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, दल्लीराजहरा

**L&T Finance Limited**
**Registered Office:** 15th Floor, PS Srijan Tech Park
Plot No. 52, Block DN, Sector V, Salt Lake City
Kolkata 700 091, District 24-Parganas North.
**CIN No.:** U65910WB1993FLC060810
**Branch office:** Raipur

L&T Finance

**POSSESSION NOTICE**
**[Rule-8(1)]**

Whereas the undersigned being the authorized officer of L&T Finance Limited (Erstwhile, L&T Housing Finance Ltd has been Merged with L&T Finance Ltd under the Scheme of Amalgamation by way of merger by absorption approved by the NCLT Mumbai as well as NCLT Kolkata, L&T Housing Finance Limited has merged with L&T Finance Limited ('LTF') w.e.f. 12th April, 2021) under the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002, and in exercise of powers conferred by Section 13(12) of the said Act read with [rule 3] of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 issued a demand notices calling upon the Borrower/ Co-borrowers and Guarantors to repay the amount mentioned in the demand notice appended below within 60 days from the date of receipt of the said notice together with further interest and other charges from the date of demand notice till payment/realization. The Borrower/ Co-Borrowers/ Guarantors having failed to repay the amount, notice is hereby given to the Borrower/ Co-Borrowers/ Guarantors and public in general that the undersigned has taken possession of the property described herein under in exercise of powers conferred on him/her under Section 13 of the said Act read with rule 8 of the said Rules on this notice.

| Loan Account Number | Borrower/s/ Co-borrower/s & Guarantors Name | Description of the Mortgaged Properties | Demand Notice | | Date and Type of Possession Taken |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | Date | Outstanding Amount (₹) | |
| RAIHL15000077, RAIHL15000078, RAIHL15000079, RAIHL15000080, RAIHL18000017, RAIHL18000018 | 1. Vikash Kumar Jain 2. Neha Jain, 3. Dream Vision, 4. Account Doctor | Description Of The Immovable Property<br>**Schedule - I**<br>All The Piece And Parcel Of The Property Address – Office Unit No. Th 18, 3 Rd Floor, Of Shyam Plaza, Plot No 4/4, Nazul Block No 6, Ward No 24, Ravishankar Shukla Ward, Raipur, Chhattisgarh Raipur - 492001<br>Boundaries: East – Shop No. TF - 14C; West – Passage; North – Shop No. TF – 1A; South – Shop No. TF – 14C<br>**Schedule - II**<br>All The Piece And Parcel Of The Property Address - Flat No B 203, 2nd Floor, Block – B, KH. No. 85/1,2,4,5, Sahid Veer Narayan Singh, Ward No 32, Ph No 113, Shilp Enclave, Telibandha, Raipur, Chhattisgarh - 492001<br>Boundaries: East – Unit No. 202; West – Open; North – Unit No. 204; South – Open Land | 03-07-2021 | Rs. 1,14,70,024.12 (Rupees One Crore Fourteen Lakhs Seventy Thousand Twenty Four and Paise Twelve Only) As On 04-07-2021 | 23/05/2023 Physical Possession |

The Borrower/ Co-borrowers/ Guarantors in particular and public in general is hereby cautioned not to deal with the property and any dealing in the property would be subject to the charge of L&T Finance Limited for an amount mentioned in the demand notice together with further interest and other charges from the date of demand notice till payment/realization.

**Date:** 27.05.2023
**Place:** Raipur

Sd/-
**Authorized Officer**
For L&T FINANCE LIMITED

POONAWALLA HOUSING FINANCE
Apna Ghar, Apni Pehchan

**पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

अधिकृत आफिस : 602,6वां तल जीरो वन आई टी पार्क एसआर नं. 79/1 घोरपडी, मुंधवा रोड, पूणे-411036
शाखा कार्यालय : यूनिट-एफएफ11, चतुर्थ तल, गिरीश हाईट, एलआईसी स्क्वायर के पास, ख.नं. 101/2, सीटी सर्वे नं. 1870 सीट नं. 137/29 मौजा सीताबुल्डी, नागपुर 440001 महाराष्ट्र.

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

**सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री**

एतदद्वारा सामान्य रूप से सार्वजनिक रूप से और उधारकर्ताओं/सह-बोयर्स/जमानतदारों को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित संपत्ति, मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस के पास गिरवी रखी गई लूट को अब निगमन प्रमाणपत्र के तहत पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पीएचएफएल) के रूप में पुनर्निर्मित किया गया है। सरफेसी अधिनियम की धारा 1314)/14 के तहत पीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा कर लिया गया है, जिसे हम कार्रवाई के माध्यम से बेच सकते हैं लागू ब्याज शुल्क और लागत के साथ PHFL की बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दी गई शर्तों का उल्लेख किया गया है। वर्णित संपत्ति बेची गई प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली के नियम 8 और 9 के तहत बिना संसाधन के जो **जहां है जैसा है उस अनुसार**
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया PHFL / सिक्योर्ड क्रेडिटर की वेबसाइट i.e www.poonawallahousing.com में दिए गए लिंक को देखें ।

| प्रस्ताव नं. ग्राहक नाम (ए) | मांग सूचना दिनांक और बकाया राशि (बी) | कब्जे का प्रकार (सी) | सम्पत्ति का विवरण (डी) | रिजर्व प्राइस (ई) | ई.एम.डी. 10% आर.पी. (एफ) | ईएमडी जमा दिनांक (जी) | इन्क्रीमेंटल विड (एच) | संपत्ति मूल्यांकन दिनांक व समय (आई) | नीलामी दिनांक और समय (जे) | एनकंबेंसेस/कोर्ट के कोई भी मामले (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लोन नं. : **HI**/0102/**H**/14/100019 और **HI**/0102/**H**/17/100001 रामशेखर साहू (उधारकर्ता) चंद्र शेखर प्रसाद साहू (सह-उधारकर्ता) लक्ष्मी प्रसाद साहू (सह-उधारकर्ता) | नोटिस दिनांक : 13/03/2020 रु. 17,53,674.00 (रुपए सत्रह लाख तिरेपन हजार छह सौ चौहत्तर मात्र) भविष्य के ब्याज @ 14.80% प्रति वर्ष के साथ 11/03/2020 को देय। रु. 5,19,923.00 (पांच लाख उन्नीस हजार नौ सौ तेईस रुपये मात्र) 11/03/2020 को देय भविष्य के ब्याज @ 16.30% प्रति वर्ष के साथ। | भौतिक | सर्वेक्षण संख्या 226/2 के बाद भू-धारित राजस्व में घर की वह सभी टुकड़ा और पार्सल बंधक संपत्ति म्यूटेशन सर्वे/ख.नं. 226/11 मौजा मुलमुला में स्थित, प.ह.नं. 5, ग्राम पंचायत मुलमुला, ब्लॉक आरआई सर्किल और तहसील पामगढ़, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)-495663 | रु. 18,04,460/- (अट्ठारह लाख चार हजार चार सौ साठ केवल) | रु. 1,80,446/- (रुपये एक लाख अस्सी हजार चार सौ छियालीस मात्र) | 15/06/2023 शाम 5 बजे से पहले | 10,000/- | 09/06/2023 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक) | 16/06/2023 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक) | निल |

**खरीद और बिक्री के विवरण और पूछताछ के लिए, श्री इकबाल आलम से संपर्क करें +919958195453**

इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे PHFL शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी स्वयं की पूछताछ करें और अतिरिक्त शुल्क, भार और किसी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियों को जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें / सभी वैधानिक देये राशि जैसे संपत्ति के किराए, बिजली, पानी का बकाया और कोई अन्य बकाया, यदि कोई संपत्ति से जुड़ा है, तो सफल बोलीदाता द्वारा पता लगाया जाना चाहिए और भुगतान किया जाना चाहिए। इच्छुक बोलीदाताओं / खरीदारों को अनिवार्य रूप से ई-बोली के लिए खुद को पंजीकृत करना होगा और ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण का लाभ उठाना होगा। नीलामी सेवा प्रदाता का वेब पोर्टल https://DisposalHub.Com और अग्रिम में लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें मैसर्स । नेक्सएक्सन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड #203, दूसरी मंजिल, श्री श्याम पैलेस, सेक्टर 4&5 क्रॉसिंग, रेलवे रोड, गुरुग्राम 122006 (संपर्क नंबर +91 9310029933-9198100 29926/-911244233933), ग्राहक सेवा वितरण (सीएसडी) से संपर्क करें) सेल नंबर (एम) +919310029933/+919810029926 (TEL) +91 124 4233 933 ईमेल आईडी **CSD@DisposalHub.com** इच्छुक बोलीदाता/खरीददार को **पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में एनईएफटी / आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना जमा (ईएमडी) की राशि जमा करनी होगी। **खाता संख्या:** 000651000460, **आईएफएससी कोड: ICIC**0000006, 20, आरएन. मुखर्जी रोड, कोलकाता 700001 किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक पर 15/06/2023 तक आहरित ।
वेब पोर्टल पंजीकरण के बाद इच्छुक बोलीदाता क्रेता को बोली दस्तावेजों की प्रतियां अपलोड, ई-मेल और प्राधिकृत अधिकारी, **श्री तुषार स्वामी, पता- 602,6वां तल जीरो वन आई टी पार्क एसआर नं. 79/1 घोरपडी, मुंधवा रोड, पूणे-411036 मोबाइल न. 9673800277, ई-मेल आईडी tusharswami@poonawallahousing.com.**

दिनांक: 27.05.2023
स्थान : रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में जाना जाता था)